तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

11 विधायक कविता ने स्वास्थ्य पंचायत ...



12 स्मार्ट मीटर की अफवाहों पर लगाम लगाने जनजागरूकता...





## खबर संक्षेप

### श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज

**बलौदाबाजार**। विभाग द्वारा श्रमिक जनसंवाद श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज किया जाएगा। यह आयोजन जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में गुरुवार को प्रातः 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे एवं अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा करेंगे। श्रमिक सम्मेलन में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1242 हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न योजना अंतर्गत उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से 1,04,23,000 रुपये हस्तांतरित की जायेगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**खरोरा**। नगर पंचायत खरोरा वार्ड 8 निवासी पंचायत के सफाई कर्मचारी सागर यादव बाइक क्रमांक सीजी 4 एनएस 9340 से अपने ससुराल ग्राम घोटिया जाने के लिए सुबह 7.30 बजे निकला था। सुबह करीबन 7.40 बजे बलौदाबाजार- खरोरा में रोड आजाद चौक बुड़ेरा के समीप इस समय ग्राम भैंसा की ओर से विपरीत दिशा से आ रही टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 22 एम 6827 का चालक ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाकर सागर यादव को ठोकर मार दिया। इसमें सागर यादव मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर गया, जिससे उसका सिर, सीने एवं पैर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। थाना खरोरा ने धारा 106(1) में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### देवांगन समाज की अर्धवार्षिक बैठक 22 को

**खरोरा**। नगर देवांगन समाज की अर्धवार्षिक बैठक 22 फरवरी को देवांगन समाज भवन खरोरा में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा तथा प्राप्त सामाजिक प्रकरणों के निराकरण पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिशचंद देवांगन उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष भरतलाल देवांगन करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बलदराम देवांगन शामिल होंगे। समाज के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों से बैठक में समय पर उपस्थित होकर समाजहित के विषयों पर अपने सुझाव देने का आग्रह किया गया है। सामाजिक प्रकरण संबंधी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है, जिसे सचिव के पास जमा किया जा सकता है। बैठक में आयोजक ग्राम की ओर से भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक एकता को मजबूत बनाएं। यह जानकारी नारायण प्रसाद देवांगन सचिव, खरोरा राज देवांगन समाज ने दी।

### 10 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**भटगांव**। कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलटिकरी का निरीक्षण किया, जिसमें शिक्षकों की कई तरह की लापरवाही और उदासीनता देखने को मिली। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ एक्शन लिया। लगभग 10 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने से शिक्षा विभाग में हलचल मची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही देखने को मिली, जिसमें बिना अनुमति अवकाश लिए स्कूल से नदारत रहे 2 शिक्षक साथ ही 7 ऐसे शिक्षक जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा बच्चों की उपस्थिति परीक्षा कार्य जैसे कई तरह की कमिया पाई गई, जिसको ▸▸ शेष पेज 10 पर



# गिरौदपुरी मेले में साधु संतों का आना प्रारंभ

## जगह-जगह भोजन आम परसादी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

22 से 24 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रारंभ होने वाली गिरौदपुरी धाम मेला पहुंचने के लिए दूर-दूर से साधु संतों का पैदल आने का सिलसिला जारी है। लंबी दूरी वाले साधु संत पदयात्रा के साथ पहुंचने लगे हैं। बाबा गुरु घासीदास के जन्म स्थली तपोभूमि, सतनामी समाज का प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल विश्व प्रसिद्ध कुतुब मीनार से ऊंचा जैतखाम मुख्य मंदिर, छाता पहाड़, चरण कुंड, अमृत कुंड, पंच कुंडी जैसे पवित्र स्थल का दर्शन लाभ लेने के लिए श्रद्धालुओं एवं भक्तों का पहुंचने की सिलसिला प्रारंभ है। लवन मुख्य मार्ग में बेमेतरा जिला से साधु संतों का तीन टोली पैदल जाते आज प्रातः देखी गई। तीन दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा पूरी तरह से तैयारी कर रहा है। दुकानें सजने लगी है। मुख्य द्वार से एक किलोमीटर तक दंडवत प्रणाम करने वालों के लिए अलग से रास्ता बनाया गया है, जहां आज भी भक्तगण दंडवत प्रणाम करते हुए मुख्य मंदिर तक पहुंच कर दर्शन लाभ ले रहे हैं। छाता पहाड़ के लिए एवं पंच कुंडी के लिए आने जाने का रास्ता को व्यवस्थित किया गया है। गिरौदपुरी मेले में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए सतनामी समाज द्वारा पलारी लवन डोंगरीडीह, कसडोल मड़वा अनेक स्थानों में भोजन भंडारा आम परसादी की व्यवस्था की गई है।



## जियो फाइनेंस के नाम पर भेजा फर्जी मैसेज और खाते से पार किया राशि

# 3.74 लाख की साइबर ठगी का आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले को सुलझाते हुए पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने जियो फाइनेंस के नाम पर फर्जी मैसेज भेजकर बलौदाबाजार के एक निवासी के बैंक खाते से लाखों रुपए पार कर दिए थे।

संजय कॉलोनी निवासी प्रार्थी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिसंबर 2025 में उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से मैसेज आए थे। एक मैसेज में लिखा था - डियर कस्टमर, इस योर वन टाइम पासवर्ड प्लीज एंटर एवं प्रोसीड थैंक यू, टीम जिओ फाइनेंस। इसके कुछ ही समय बाद प्रार्थी के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से चार किश्तों में कुल 3,74,000 कटने का मैसेज प्राप्त हुआ। ठगी का अहसास होने पर प्रार्थी ने पुलिस की शरण ली, जिसके बाद थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और बैंक खातों की जांच के आधार पर आरोपी का लोकेशन कोलकाता में ट्रैक किया।

पुलिस टीम ने ग्राम सोदपुर, इंदिरा नगर, थाना खोरदा, जिला नॉर्थ 24 परगना, कोलकाता से शौविक राजवंशी 22 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को झांसा देने वाले मैसेज भेजता था। आरोपी ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए, जिसमें ठगी की राशि आरोपी के बंधन बैंक स्थित खाते में जमा होती थी। आरोपी का काम केवल अपना खाता उपलब्ध कराना और मैसेज फॉरवर्ड करना था, जिसके बदले उसे मोटा कमीशन मिलता था। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश अभी जारी है।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार। शहर के मुख्य बाजार में एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुरानी रंजिश विवाद के चलते युवक के सिर पर जान से मारने की नीयत से गंभीर वार किया था, जिसके बाद घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को 17 फरवरी को सूचना मिली कि मेन मार्केट के पास राहुल चौहान नामक युवक के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने बर्बरतापूर्वक मारपीट की है। राहुल को तत्काल जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है। परिजनों से पूछताछ के आधार पर आरोपी की पहचान बीरघाट, खरियार रोड, जिला नुआपाड़ा ओडिशा निवासी 40 वर्षीय वैष्णव पंडा के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने जान से मारने की नीयत से राहुल चौहान के सिर पर प्राणघातक प्रहार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# दुर्लभ सत्संग के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर के राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान सिविल लाईन में 17 से 24 फरवरी तक दुर्लभ सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश हैं। कार्यक्रम दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन आयोजित है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में आयोजन समिति के अलावा महिलाएं शामिल हुईं। कथावाचक स्वामी विजयानंद गिरी एवं उनके टीम का बलौदाबाजार आगमन पर आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक टेसूलाल धुरंधर, कार्यक्रम संचालक जागेश्वर पटेल, सहसंयोजक बीआर पटेल, रामाधार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल ने बताया कि नगर में इस तरह का आयोजन प्रथम बार हो रहा है। जिसमें स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश वाले के द्वारा दुर्लभ सत्संग समारोह के बीच प्रतिदिन विशेष व्याख्यान दे रहे हैं। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम नगर के सभी समाज एवं नगरवासियों के सहभागिता से किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के लिए अनेक नियमों की भी जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं द्वारा श्रद्धापूर्वक भाग लेने के अतिरिक्त किसी प्रकार की भेंट व पैसा न चढ़ाया जाने के अलावा संत चरण छूना, फोटो लेना व माला पहनाने हेतु वर्जित है। इसके अलावा प्रत्येक कार्यक्रम ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ इसमें प्रवचनकर्ता ऋषिकेश के स्वामी विजयानंद गिरि महाराज है

# रेलवे की मनमानी, मालगाड़ियों के लिए रोकी जा रही लोकल ट्रेनें, यात्री बेहाल

**भाटापारा**। सरकार, बस लोकल ट्रेनों को समय पर चलवा दो, यही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। यह गुहार रायपुर-बिलासपुर रेल खंड के उन हजारों यात्रियों की है, जो हर दिन रेलवे की लेत-लतीफी और कुप्रबंधन का शिकार हो रहे हैं। रायपुर से भाटापारा के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि 1 घंटे 10 मिनट का सफर अब 2 से 2.5 घंटे में तब्दील हो गया है। आलम यह है कि एक्सप्रेस ट्रेनों की क्रॉसिंग तो दूर, अब मालगाड़ियों को रास्ता देने के लिए भी सवारी गाड़ियों को आउटर पर घंटों खड़ा कर दिया जाता है। मंगलवार का उदाहरण देते हुए यात्रियों ने बताया कि गाड़ी संख्या 58202 रायपुर से शाम 7.20 बजे केवल 5 मिनट की देरी से छूटी थी, लेकिन वह भाटापारा रात 9.45 बजे के बाद पहुंची। हैरानी की बात यह है कि इस बीच किसी एक्सप्रेस ने उसे क्रॉस नहीं किया, बल्कि मांडर और सिलियरी के पास मालगाड़ी को निकालने के लिए पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया गया।

### सांसदों से हस्तक्षेप की मांग

हथबंद, तिल्दा-नेवरा, सिलियरी और दागोरी जैसे छोटे-बड़े स्टेशनों के यात्रियों ने रायपुर और बिलासपुर लोकसभा के सांसदों से गुहार लगाई है। यात्रियों का सवाल है, क्या लोकल में चलने वाले लोग इंसान नहीं हैं? क्या वे टिकट लेकर यात्रा नहीं करते? रेलवे के एसी कमरों में बैठे अधिकारियों को आम आदमी के समय की कीमत क्यों समझ नहीं आती?

# होली से पहले मिलेगी धान बिक्री के अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ मुख्यमंत्री की घोषणा से किसानों में उत्साह

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा होली पर्व से पूर्व कृषक उन्नति योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय ने अन्नदाताओं के लिए त्यौहार की दुगुनी खुशी लेकर आई है।

ग्राम परसाभदेर के प्रगतिशील किसान संतोष कुमार निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। हाल ही में समर्थन मूल्य में 80 क्विंटल धान की बिक्री करने वाले संतोष निषाद ने शासन के इस कदम को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि त्योहारों के ऐन वक्त पर मिलने वाली यह राशि उनके जैसे हजारों किसानों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि एकमुश्त राशि मिलने से न केवल वे और ▸▸ शेष पेज 10 पर



# परीक्षा के तनाव को मात देंगे विद्यार्थी, शिक्षकों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्पन्न तनाव प्रबंधन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन जिले के शिक्षकों हेतु किया गया। इसमें दो बैच में कुल 80 शिक्षक शामिल हुए जो आगे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यशाला में जिला मानसिक रोग शाखा से उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि परीक्षा के समय बच्चों में तनाव, डर, घबराहट और बेचैनी होना सामान्य बात है,लेकिन सही जानकारी और सही सहयोग से इसे आसानी से संभाला जा सकता है और किसी ख़तरे से बचा जा सकता है।माता -पिता की उम्मीदें, समय प्रबंधन में कमी,पढ़ाई का बोझ, प्रतियोगिता का भय, नींद की कमी, सोशल मीडिया और मोबाइल का ज्यादा उपयोग ये कुछ ऐसे कारण है जिससे छात्रों में परीक्षा के समय तनाव पैदा होता है। अगर छात्र मानसिक तनाव में हैं तो उनमें घबराहट, सिर दर्द, थकान, नींद न लगना के साथ-साथ,निराशा, उदासी, अकेलापन, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में मन न लगना जैसे लक्षण प्रकट होते ▸▸ शेष पेज 10 पर

## ग्रामीणों के साथ मिलकर बनाई सुरक्षा रणनीति

# फायर सीजन को लेकर वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार।

■ वन्यजीव संरक्षण एवं ग्राम स्तरीय योजनाओं पर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की वन प्रबंधन समितियों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में आगामी फायर सीजन को दृष्टिगत रखते हुए वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर निर्णय लिया जा रहा है।

वन प्रबंधन समितियां सुरबाय, बरबसपुर, मूढ़ीपार, पिपरचेड़ी, पाथियापाली, चरौदा (ब), लोरिदखार, खुड़मुड़ी, गबौद सहित अन्य ग्रामों में आयोजित बैठकों के दौरान वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। विशेष रूप से महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने, सूखे पत्तों को ब्लोवर अथवा झाड़ू से साफ कर सुरक्षित ढंग से महुआ बीनने, खेत-खलिहानों में पराली न जलाने तथा आग लगने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने और आग बुझाने में सहयोग करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठकों में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को फायर अलर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि वनाग्नि की सूचना समय पर प्राप्त हो सके। कई ग्रामों में समिति निधि से अतिरिक्त सुरक्षा श्रमिक रखने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिससे फायर सीज़न के दौरान निगरानी और सुदृढ़ हो सके। कुछ समितियों द्वारा ग्राम विकास कार्यों हेतु समिति खाते से राशि उपयोग करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किए गए। किसान वृक्ष सम्पदा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति व्यक्त की। मधुमक्खी पालन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और कई ग्रामीणों ने इसमें रुचि दिखाई। मानव-वन्यजीव द्वंद्व की स्थिति में तत्काल सूचना देने, अवैध कटाई, शिकार, अतिक्रमण एवं उत्खनन की रोकथाम में सहयोग करने तथा पालतू कुत्तों की पहचान सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।





# बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर डीईओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

■ परीक्षा की तैयारी, बैठक में केंद्राध्यक्षों को दिए गए दिशा-निर्देश

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर वर्ष 2026 की हाई स्कूल हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालन का संपूर्ण दायित्व केंद्राध्यक्षों को सौंपा गया है। केंद्राध्यक्ष के दायित्व को निर्धारित प्रक्रिया एवं नियमों के तहत परीक्षा संचालन के लिए सेजेस स्कूल भटगांव के सभागार में बोर्ड परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निर्देश प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जोईधा राम डहरिया ने कहा कि केंद्र पर गोपनीय सामग्री के प्रति सजग रहे जरा सी असावधानी होने पर परीक्षा संचालन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। परीक्षा संचालित करते समय प्रश्न पत्रों ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी वजन त्योहार में शामिल हुईं पार्षद कुरैशी

**महासमुंद।** शहर के नयापारा वार्ड क्रमांक 8 आंगनवाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया। पार्षद जरीना हफिज कुरैशी ने बताया कि विष्णुदेव सरकार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुक है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रहें, इसे लेकर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों की माध्यम से अभियान चलाकर कुपोषण को भगाने में सरकार कामयाब हो रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू वार्डवासी उपस्थित थे।



### झेरिया यादव समाज का सामूहिक विवाह 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 22 फरवरी को राजधानी के महादेवघाट रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित है। यह कार्यक्रम महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव,मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

### बृजमोहन ने साईंनगर में समिति भवन विस्तार का किया लोकार्पण



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने सांसद निधि से निर्मित साईंनगर जोरा में समिति भवन विस्तार का लोकार्पण किया। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के प्रभारी अध्यक्ष छगनलाल साहू एवं सचिव संतोष शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि साईंनगर जोरा में पहले पूर्व सांसद सुनील सोनी द्वारा समिति भवन विस्तार के लिए सांसद निधि से ऊपर स्ट्रक्चर खड़ा कराया गया। और उसके बाद वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल की सांसद निधि से समिति भवन के ऊपर निर्मित बड़े हॉल का फिनिशिंग कार्य कराया गया, जिसका लोकार्पण भी उनके ही द्वारा किया गया।





# श्रीकृष्ण व श्रीराम जन्म कथा में झूमे श्रोता

## बेमचा के गुलाब बाड़ा में आयोजित भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अत्याचारी व्यक्ति कितनी भी शक्तिशाली हो, उसका विनाश निश्चित होता है। भगवान किसी न किसी रूप में आकर उसके पापों का अंत करते हैं। मनुष्य को जीवन में सदैव भगवान पर विश्वास करते हुए धैर्य रखना चाहिए। वासुदेव व देवकी ने कारागार में कंस के अत्याचार सहते हुए धैर्यपूर्वक समस्त कष्टों को सहकर प्रभु पर आस्था रखकर जीवन व्यतीत किया। वासुदेव जानते थे, कि कंस के अत्याचार का अंत भगवान उनके पुत्र के रूप में आकर करेंगे। यह समस्त मानव जाति के लिए एक प्रेरक संदेश है कि अत्याचारी के पाप का घड़ा एक न एक दिन भरता है, और उसके पापों का दमन करने स्वयं भगवान अवतरित होते हैं। अतः जीवन में कर्मपथ पर अडिग रहकर धैर्य रखना चाहिए।

उक्त प्रेरक विचार आज भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने गुलाब बाड़ा बेमचा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मकथा व श्रीराम कथा श्रवण कराते हुए कही। कथा के पांचवें दिन भगवताचार्य स्वामी राजीव लोचन दास ने श्रीकृष्ण व भगवान श्रीराम जन्म कथा वृतांत बताते हुए कहा कि राजा दशरथ व वासुदेव के जन्मों जन्म के पुण्य कर्मों का लाभ जगत के पालन हार को पुत्र रूप में प्राप्त कर मिला। उन्होंने कहा कि भगवान को केवल भाव चाहिए। चाहे उनका प्रेस से स्मरण करो या शत्रुता से उनका नाम लो। रावण और कंस के हृदय में दिन-रात भगवान वास करते थे। रावण और कंस उन्हें एक क्षण भी नहीं भूल पाते थे, वे दोनों भगवान श्रीहरि नारायण विष्णु को शत्रु मानते थे। इसलिए वे भयभीत रहते थे कि पता नहीं किस रूप में हरि नारायण उनके सम्मुख आएंगे। इस व्याकुलता में प्रभु उनके हृदय में हर क्षण निवास करते थे। प्रभु ने कंस को श्रीकृष्ण के रूप में और रावण को श्रीराम के रूप में अवतरित होकर उन्हें मुक्ति प्रदान किया। भगवान ने उन्हें अपना धाम प्रदान कर उनके लिए मोक्ष का द्वार खोल दिया। बड़े-बड़े तपस्वियों, ऋषि मुनियों को जो सौभाग्य प्राप्त नहीं होता वह रावण और कंस को भगवान के परमधाम के रूप में प्राप्त हुआ। कथा के दौरान भक्तिमय भजनों से श्रोता थिरकते नजर आए।

कथा श्रवण करने विधायक मोती लाल साहू, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष छग चंद्रनाहू कर्मी समाज, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, प्रदेश भाजपा मंत्री चौरसिया सहित दाऊ स्व. गुलाब चंद्राकर परिवार के आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम आसपास के ग्रामों व महासमुंद के श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कोकड़ी स्कूल का भ्रमण करने पहुंचा स्काउट-गाइड का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा एवं प्रधान पाठक जीआर साहू के निर्देशन में गाइड प्रभारी लता वैष्णव के नेतृत्व में स्काउट गाइड दल ने अभिभावक विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी पटेवा का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे। भ्रमण के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक गेंदलाल पटेल 'कोकड़िया' स्वयं अपने वाहन से बच्चों को महासमुंद से तेंदूवाही स्थित मानवीय शिक्षा शोध केंद्र ले गए और वहां जीवन विद्या एवं चेतना विकास मूल्य शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था के संबंध में बताते हुए मानव जाति एक, मानव धर्म एक, मानव समाज एक, मानव मूल्य एक, मानव लक्ष्य एक, हमारी पूरी धरती एक की परिकल्पना को बताए। तत्पश्चात अपने विद्यालय ले गए और वहां अपने छात्र-छात्राओं से परिचय पश्चात सभी स्काऊट गाइड्स को स्वावलंबन, समय का सदुपयोग, मानव शरीर, आहार, स्वास्थ्य, परिवार, योग शिक्षा, मानवीय चरित्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जीवन विद्या का उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना तथा समाज प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ना है। इसी उद्देश्य के तहत उन्होंने सभी स्काउट गाइड को औषधीय पौधों के नर्सरी का भी भ्रमण करवाया गया। दोपहर भोजन पश्चात विद्यालयीन बच्चों के साथ 2 घंटे का कार्यशाला लगाकर एक दूसरे से अनुभव साझा किए और शाम 5 बजे सभी को पुनः स्व वाहन से महासमुंद पहुंचाया। इस शैक्षणिक भ्रमण सहकार्यशाला में शाला के 11 स्काउट गाइड व गाइडर लता वैष्णव ने भाग लिया। इस सोद्देश्यपूर्ण भ्रमण से बच्चों ने मानव चेतना को जागृत कर समाज में सामंजस्य स्थापित करते हुए स्वंय को समझकर बेहतर जीवन जीने की दिशा के बारे में जानकारी प्राप्त किए। इसके लिए संस्था की ओर से गाइडर लता वैष्णव ने गैंदलाल कोकड़िया एवं अभिभावक विद्यालय कोकड़ी का आभार व्यक्त किया।

## रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक

# सांसदों की दो टूक- रेलवे अधिकारी सिर्फ नोट न करें, प्रस्ताव बनाकर भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक मंगलवार को डीआएम ऑफिस में हुई। इस दौरान सांसदों ने यात्रियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधिकारियों से चर्चा की। अक्सर सांसदों की शिकायत रहती है कि उनकी मांग को केवल नोट कर लिया जाता है, प्रस्ताव बनाकर आगे नहीं भेजा जाता, जिसे लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सांसदों ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सांसद जिस बात को कहते हैं, उसके प्रस्ताव बनाकर आपको उच्च कार्यालय में भेजना है। केवल यहीं नोट कर ऐसा जवाब देना बंद करना चाहिए कि ये काम इस वजह से नहीं हो रहा है।

हमने कहा है कि आप प्रस्ताव भेजें। हम शासन व बोर्ड के स्तर पर जो बातचीत करनी होगी, हम करेंगे। बैठक में जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ ही मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभाग अध्यक्ष और रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग और महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी भी मौजूद थीं।





### छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज

दुर्ग से रायपुर होते हुए अंबिकापुर के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है। कोरोना काल के समय जिन ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। कुछ जगहों पर स्टॉपेज है लेकिन कई जगहों पर अभी भी ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है उन सभी जगह पर ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए। एक्सप्रेस ट्रेनों को भाटापारा के साथ ही छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया जाना चाहिए। इस बात को लेकर भी चर्चा हुई है। रायपुर शहर के मंडी गेट के पास भी एक अंडर पास बनाए जाने की चर्चा इस बैठक में हुई है।जोरा और पिरदा में अंडरपास बनाए जाने से रायपुर के ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी।

### *दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम होगा पूरा*

*रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा. इसके साथ ही रायपुर शहर में कचना में अंडर ब्रिज बनाने, महासमुंद रोड पर जोरा में अंडर ब्रिज बनाने के बारे में बातचीत हुई है। मंदिर हसौद के रेलवे ट्रैक के ऊपर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हुई है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक में मांग रखी गई है कि राजधानी एक्सप्रेस को सातों दिन चलाया जाए। इसके साथ ही इस बैठक में रायपुर से दिल्ली के लिए स्लीपर कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव रखा है। बिलासपुर रायपुर से जगन्नाथपुरी के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने का भी प्रस्ताव रेलवे अधिकारियों के समक्ष रखा है, जो ट्रेनें रायपुर से होकर जोधपुर और जयपुर जाती है वो सप्ताह में एक से दो दिन होती है, उसे भी सप्ताह में सातों दिन चलाए जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है।*

## जलसंकट का समाधान नहीं किया तो वार्डवसियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव

# पानी की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद ने निगम को दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

*नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड की पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने वार्ड में लो प्रेशर की समस्या का मांगा समाधान*






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 9 क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के रहवासी नलों में लो प्रेशर की समस्या से बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी जोन के अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किए जाने से नाराज भाजपा पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में जल संकट का समाधान नही किया गया, तो वे वार्डवासियों के साथ जोन दफ्तर का घेराव करेंगी।

दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के समय जल संकट को लेकर सदन में हंगामा करने वाले भाजपाई अब सूबे में अपनी पार्टी की सरकार और नगर निगम की सत्ता में भाजपा की मेयर बनने के बाद भी पेयजल संकट से शहरवासी को निजात नहीं दिला पाए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में सामान्य सभा के दौरान पूर्व पार्षद रोहित साहू ने अपने वार्ड में पेयजल की समस्या और नई पानी टंकी का मामला जोर-शोर से उठाया। तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने तत्कालीन कांग्रेसी मेयर पर सवालों की झड़ी लगाकर शहर के पेयजल संकट की समस्या सुलझाने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए। अब नगर निगम की भाजपा की महापौर होने के बाद भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड पानी की समस्या से निजात नहीं पा सका है। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू का कहना है, वार्ड के गायत्री नगर, वृंदावन कालोनी, नीलांचल विहार सेल टैक्स कालोनी में पानी की किल्लत बनी हुई है। इन क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण रहवासी बेहद परेशान हैं। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, महापौर मीनल चौबे, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर सहित जल बोर्ड के अधिकारियों को भी उन्होंने वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुष्पा रोहित साहू का कहना है कि गुरुवार तक लो प्रेशर की समस्या नहीं सुलझाई गई, तो वे शुक्रवार को वार्डवासियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव करेंगी। वार्ड पार्षद ने जोन कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा है कि उनके वार्ड में अवंतिविहार पानी टंकी से वार्ड को पानी की आपूर्ति होती है।

कई महीनों से वार्ड में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जल विभाग से संबंधित अधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन जल विभाग के अधिकारी लापरवाहीपूर्वक कार्य कर रहे हैं। यही नहीं पानी की समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि 3 दिन में समस्या का समाधन नहीं हुआ, तो वार्डवासियों के साथ जोन का घेराव करना पड़ेगा, जिसके जिम्मेदार स्वयं आप होंगे।

# 73 दुकानों के अवैध शेड ढहाए सड़क पर रखा सामान जब्त 12 हजार का ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नगर निगम का तोड़दस्ता शहर में एक बार फिर गरजा। टीम प्रहरी अभियान के तहत 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को तोड़ूदस्ता ने ढहा दिया। इस दौरान सड़क या ता या त बाधित कर सड़क पर रखे सामान जब्त किए गए। कब्जाधारी दुकानदारों पर 12 हजार रुपए का ई चालान काटा गया।

राजधानी में नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को संतोषीनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। अभियान के दौरान दुकानदारों को पहले सड़क पर कब्जा न करने समझाइश दी गई। चेतावनी के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर सख्ती दिखाते हुए अवैध रूप से बनाए गए शेड तोड़े गए और ठेले जब्त किए गए। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के आदेश पर निगम जोन 6 और जोन 10 क्षेत्र में निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।



टीम एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित निगम व यातायात विभाग का अमला मौजूद रहा।

## प्रशासन का जताया आभार, पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

# मालवीय रोड, जीई रोड, केके रोड नो वेंडिंग-नो पार्किंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्रों में शामिल मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड को व्यवस्थित करने की छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की मुहिम रंग लाई है।

चैंबर की पहल रायपुर पुलिस प्रशासन ने मालवीय रोड को नो वेडिंग, नो पार्किंग जोन घोषित कर किया है। यह निर्णय चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। 28 जनवरी को चैंबर भवन में सतीश थौरानी की अध्यक्षता में नगर निगम, पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इसमें मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड की ट्रैफिक अवयवस्था, फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में श्री थौरानी ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की थी कि फुटपाथों से अवैध कब्जा हटाया जाए और बाजार को सुव्यवस्थित करने के लिए इसे नो वेंडर जोन घोषित किया जाए। मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष और चैंबर के अनुशासन समिति के सदस्य तरल मोदी और संघ के महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने एक औपचारिक पत्र के माध्यम से चैंबर को आवेदन देकर मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और फुटपाथ पर बढ़ते कब्जे के विरुद्ध नो वेंडर जोन बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की थी। चैंबर की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नई परियोजना लागू की है, जिसके तहत मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड पर अब ठेले, गुमटी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। प्रमुख तिराहों और चौराहों से 50 मीटर की दूरी तक नो पार्किंग जोन सख्ती से लागू होगा। रिंग रोड 1 पर अवैध पार्किंग के खिलाफ रोजाना विशेष अभियान चलाया जाएगा।



### खास बातें

- चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में 28 जनवरी को नगर निगम प्रशासन और पुलिस अधिकारियों हुई थी बैठक
- फुटपाथ पर अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग जोन का जोर-शोर से उठा मुद्दा

## पेज 9 के शेष

### दुर्लभ सत्संग के...

निर्धारित समय पर होगा। वहीं कार्यक्रम स्थल परिसर में गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार आरती में भी रूपये पैसे आदि न चढ़ाने की अपील भी की गई है। आयोजन समिति ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई है। कलश यात्रा में कार्यक्रम आयोजक जागेश्वर पटेल, संयोजक टेसूलाल धुरंधर, बरत राम पटेल, रामाधार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, विनय गुप्ता, दीप बाजपेयी, प्रेमलता बिसेन, भारती सिंह, आरती सराफ, शशि कला, नारायण लाल चंद्रकार, हीरालाल साहू, तारण सिंह ठाकुर, सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### होली से पहले...

उनका परिवार पूरे उत्साह और गरिमा के साथ होली का त्यौहार मना पाएंगे, बल्कि आर्थिक सुदृढ़ता मिलने से त्योहारों के खर्च के बाद शेष राशि को आगामी खरीफ सीजन की खेती-किसानी की तैयारियों के लिए सुरक्षित भी रख सकेंगे। संतोष निषाद ने इसे सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और वादे को निभाने वाला बताया है।

### परीक्षा के तनाव...

हैं। ऐसी स्थिति में विद्यालय के शिक्षकों सहित माता-पिता की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में शिक्षक बच्चों को प्रेरित करें, डर का माहौल न बनाएं, कमजोर बच्चों को विशेष सहयोग दें, मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करे।आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मदद लें। किसी प्रकार की सहायता के लिए 14416 पर कॉल करें। यह पूरी तरह निःशुल्क और गोपनीय है । कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य डॉ. प्रशांत वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, अस्पताल सलाहकर रीना सलूजा, सोशल वर्कर रोशन लाल, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोहिंदर धृतलहरे उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा की...

की गोपनीयता, नकल प्रकरण पर विशेष ध्यान रखें। पर्यवेक्षक जिम्मेदारी के साथ परीक्षा कार्य में शांति और अनुशासन के साथ परीक्षा व्यवस्था में सहयोग दें। उन्होंने परीक्षा की तैयारी एवं काउंसलिंग पर भी चर्चा की। केंद्राध्यक्ष अपनी उपस्थिति में पैकेट को सील कराएं। निर्देशों के अनुसार सभी प्रपत्र बंडल के अंदर रखे जाएं। प्रश्न पत्र वितरण केंद्र पर उपस्थिति पत्रक के आधार पर विषयवार संख्या अनिवार्य रूप से निकाल लिया जाए उसके बाद ही बीजक से मिलान करते हुए प्रश्न पत्रों के लिफाफे प्राप्त किया जाए। परीक्षा हेतु समस्त सामग्री की जांच एवं बैठक व्यवस्था परीक्षा से पूर्व तैयारी कर ली जाए। परीक्षा केंद्र में कोई पुस्तक, उपकरण, कैलकुलेटर, मोबाइल लाना पूर्णतया वर्जित है। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू, सेजेस स्कूल भटगांव के प्रभारी प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल संजीव राजेत्री शिक्षक विजय साहू, प्राचार्य श्याम सुंदर सबर, धीरेन्द्र साहू, तीज राम कुर्रे, ठंडा राम सिदार, सुशील गुप्ता, कमलेश्वर साहू, कुमार चौहान एवं विकासखण्ड बिलाईगढ़ के सभी केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

### 10 शिक्षकों को...

लेकर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि संबंधित शिक्षकों से निर्धारित समयावधि के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है तो विभागीय नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता और अनुशासन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद विद्यालय में प्रशासनिक सख्ती बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, शिक्षकों द्वारा नोटिस का जवाब तैयार किया जा रहा है। मामले को लेकर शिक्षा जगत में चर्चा का माहौल है।

# भागवत कथा श्रवण से सभी कष्टों से मिलती है मुक्ति : पं. सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम गौरखेड़ा में 18 से 26 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन साहू परिवार द्वारा किया गया है। पितर देव प्रसन्नार्थ संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश मंगल यात्रा के साथ शुरू। भागवत कथा के आचार्य पं. सुरेश कुमार शर्मा है। भागवत कथा के प्रथम दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथावाचक सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि जन्मांतरे भवेत पुण्यं तदा भागवतं लभेत! अर्थात जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब जीव को भागवत कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही कट जाते हैं जीव के सारे पाप। व्यासपीठ से कथा का महत्व समझाते हुए

## गौरखेड़ा में भागवत कथा के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



### भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति

कथा रूपी अमृत का पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा मे भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों का समावेश है. कथा के दौरान उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है जिनसे व्यक्ति को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है, उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथा श्रवण करने मनुष्य में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। भागवत कथा का आयोजन भूषण लाल साहू, दशमत साहू, सोहन पार्वती साहू, खेमकरण, रनिया साहू, सोनचरण नीरा साहू, ईश्वर, पीयूष साहू समस्त साहू परिवार द्वारा यह आयोजित किया गया है। कथा समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा स्थल गोसाई बाबा मंदिर, रंगमंच बाजार चौक, गौरखेड़ा मैं आयोजित किया गया है।

आचार्य शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी से पापी व्यक्ति भी पाप से मुक्त हो जाता है। वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत अर्थात जो श्री से युक्त है, श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य, ऐश्वर्या, भागवतः प्रोक्तम्-इति भागवत भाव कि वो वाणी, जो कथा जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है। जो हमारे जीवन को सुंदर बनाती है वो श्रीमद्भागवत कथा जो सिर्फ मृत्युलोक में ही संभव है। और साथ ही यह एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है इसलिए परीक्षित ने स्वर्ग अमृत के बजाए कथामृत का वरण किया।

## खबर संक्षेप

### बच्चों की प्रथम गुरु मां और पाठशाला परिवार

**मुंडा।** पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मातृ सम्मेलन हुआ। मातृ सम्मेलन का शुभारंभ पूर्व सरपंच एवं प्राथमिक शाला के अध्यक्ष डॉ कृतराम वर्मा भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रभूषण वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षाविद जागेश्वर वर्मा, पंच दुजराम वर्मा ने किया गया। मातृ सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इसमें गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। साथ ही सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की शैक्षिक जानकारियां एवं शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी शिक्षिका चंद्रावली गेंदले द्वारा महिलाओं को दी गई। पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित मातृ सम्मेलन में सुलेख पठन चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ रस्साकंसी सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित महिलाएं और माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुलेख में प्रथम कंचन वर्मा, द्वितीय उषा वर्मा, पठन में प्रथम कंचन वर्मा, द्वितीय उषा वर्मा, चम्मच दौड़ में प्रथम लता वर्मा, द्वितीय सरोजनी विश्वकर्मा, कुर्सी दौड़ में प्रथम लता वर्मा, द्वितीय नेहा वर्मा, रस्साकंसी में सुजाता साहू, सरोजनी विश्वकर्मा, दशवंतीन वर्मा, कंचन वर्मा, उषा वर्मा,एवं मोतिम वर्मा की टीम विजेता रही। सभी को पुरस्कार प्रदान किया गया। पूर्व सरपंच एवं प्राथमिक शाला के अध्यक्ष डॉ. कृतराम वर्मा ने कहा कि बच्चों के प्रति माता की जिम्मेदारी पिता से भी ज्यादा होती हैं। हर सफल व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है। आज महिला पुरुषों के बराबर कार्य कर रहे हैं। मां बच्चों के प्रथम गुरु तथा परिवार प्रथम पाठशाला होते हैं। उन्होंने कहा कि मां ही सृष्टि की सृजनहार एवं पालनहार है। मातृ सम्मेलन में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक ममता चौहान, शिक्षिका संतोषी जायसवाल, अंजू साहू, प्राथमिक शाला से रंजीत कोसले, कुंदन प्रसाद गायकवाड़, अनीता बंजारे, सुकृता चौहान, अल्का जांगड़े, सफाई कर्मचारी राधा वर्मा सहित आराधना स्व सहायता समूह एवं आरती स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

### मितानिनों ने खिलाई फाइलेरिया की दवा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में घर-घर जाकर मितानिनों फाइलेरिया की दवा खिलाई। यह दवा उम्र एवं वजन अनुसार दी जा रही है। खरोरा के स्कूल बच्चों को दवा खिलाई गई। इसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, संतोषी पटेला, हीराबाई चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण-पत्र वितरित

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तुमगांव इकाई के अंतर्गत मिडिल स्कूल पिरदा, अमावस, बेलटुकरी एवं कांपा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को इकाई प्रमुख पंथराम साहू एवं वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिस पर संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया। तत्पश्चात संध्या समय गायत्री प्रज्ञापीठ तुमगांव में वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू का जन्मदिवस संस्कार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री माता के पूजन-अर्चना के साथ की गई तथा 80 दीप प्रज्ज्वलित कर दीप यज्ञ हुआ।

## कार्यक्रम : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया

# विधायक कविता प्राण ने स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



नगर के थाना मैदान में आयोजित स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मितानिन बहनों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक लहरे ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने मितानिन बहनों की सराहना करते हुए उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी बताया, जो गांव-गांव में जागरूकता और सेवा का कार्य कर रही हैं। जन संवाद के दौरान नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं सुझाव रखे, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के पश्चात विधायक कविता प्राण लहरे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिलाईगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भर्ती वार्ड एवं ओपीडी में आए मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मरीजों एवं उनके परिजनों से उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अस्पताल में स्वच्छता, दवा उपलब्धता और समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने कहा कि सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफ. आर. निराला, बीएमओ डॉ. शशि कुमार जायसवाल, सभापति जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़ सुशीला साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ लाकेश्वर देवांगन, विधायक प्रतिनिधि शेखर भट्ट, जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम नर्मदा मैत्री, बीसी फरीदा, सविता कुर्रे, पार्षद सुनील यादव, दुष्यंत खूंटे, सरपंच कैथा भूपेन्द्र यादव, अरविंद मनहर, यादराम हिरवानी, सुनील आदित्य, नीलू लहरे सहित सैकड़ों की संख्या में मितानिन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

जिला पंचायत में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, निर्माण कार्यों, योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला अस्पताल निर्माण की स्थिति, स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी, विभिन्न रोगों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम दवा भंडारण, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सहित कुल 13 बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर दिया। बैठक में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने सर्वसम्मति से स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति सुशीला साहू ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, जिला पंचायत कृषि सभापति डॉ अभिलाषा नायक, जिला पंचायत सदस्य दिनेश लाल जांगड़े तथा जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एफ.आर. निराला विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गीतांजलि राय ने बाल बैडमिंटन में जीता गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड के ग्राम अमेरा की सतनामी समाज की बहन गीतांजलि राय अमेरा बाल बैडमिंटन बाली इंडोनेशिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने गई थी, जहां उन्होंने गोल्ड मेडल जीत कर पूरे सतनामी समाज के साथ साथ पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया। उनकी इस उपलब्धी पर सतनामी समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गीतांजलि राय द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज ब्लाक पलारी अध्यक्ष महेश ढीढी ने कहा कि हमको सतनामी समाज की बेटी के इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर पूरे सतनामी समाज को नाज है। उसके इस उपलब्धि पर समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा इसके लिए उनको पूरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गीतांजलि राय ग्राम अमेरा के एक साधारण परिवार की बेटी है, जिसे बचपन से ही खेलकूद में दिलचस्पी थी। उन्होंने स्कूल के बाल बैडमिंटन खेलना प्रारंभ किया था, उनको स्कूल के दिवंगत शिक्षक संत कुमार भट्पहरी ने इस खेल के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने इस खेल को स्कूल कालेज में लगातार भाग लेते हुए पहले जिला स्तरीय उसके पश्चात राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और लगातार उन्होंने सभी स्थानों पर पदक प्राप्त किया जिसकी बदौलत उसका चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता के साथ-साथ अपने प्रथम कोच दिवंगत शिक्षक संत कुमार भट्पहरी को देते हुए कहा कि मैने यह उपलब्धि अपने परिवार, गुरुजनों और समाज के लोगों के आशीर्वाद से प्राप्त किया है। उन्हें बधाई देने वालों में विधायक संदीप साहू, सतनामी समाज के अध्यक्ष महेश ढीढी, महासचिव मोहन बंजारे, भगवती टंडन, दुर्गाप्रसाद महेश्वर, राजमहंत सरजूप्रसाद घृतलहरे, बाबूलाल बंजारे, चरण दास तेरहवंश, सुमित्रा घृतलहरे, सुनील कुर्रे, रवि बंजारे, शैलेन्द्र बंजारे, यशवंत बांधे, रंजीता भटपहरी, बसंत जांगड़े, मोहरसिंह चतुर्वेदी, नीलकमल आजाद, अनिल आदिल, संतोष कोसले, हरीश गेंदरे, पार्वती कोसले, चंद्रावली बंजारे, हेमलता आदिल सहित अनेक लोग शामिल हैं।

# ज्ञानोदय के छात्रों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



अखिल विश्व गायत्री परिवार, देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांति कुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 18 फरवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रयास भारतीय संस्कृति का ज्ञान युगों-युगों से संपूर्ण विश्व को आलोकित करता रहा है। भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान की संकल्पना को साकार करने हेतु यह परीक्षा आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी महान ज्ञान परंपरा, नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। प्राचार्य पीआर वर्मा ने कहा कि यह परीक्षा मात्र अंकों का खेल नहीं है, बल्कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और नैतिक जागरण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों को भारतीय मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा प्रभारी इन्दूरानी वर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं में निरंतर भागीदारी से ही आत्मविश्वास बढ़ता है और भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत टाटा जोगेसरा में जल अर्पण दिवस का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



ग्राम पंचायत टाटा जोगेसरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना तथा हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी देना रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक क्रांतिकारी योजना है, जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि घर-घर नल से जल पहुंचने से स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में सुधार होगा। शासन हर घर जल पहुंचा रही है, लेकिन इसका संरक्षण करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है, जल है तो कल है इसलिए जल का उचित उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, विधायक कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी साहू, सीईओ प्रतीक प्रधान, कार्यपालन अभियंता रमा शंकर कश्यप, सरपंच राजकुमारी साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आईटीआई सकरी में जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत आईटीआई सकरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, कॉलेज, आईटीआई के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नवागांव में पीडीएस राशन दुकान भवन निर्माण का भूमिपूजन

**सिमगा।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागांव में राशन दुकान के नए भवन के लिए भूमि पूजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच नीरा धर्मेंद्र कोशले, उप सरपंच पंचगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर जनपद सभापति चंद्र प्रकाश टोंडे ने कहा कि पीडीएस के नए भवन बनने से बेहतर और व्यवस्थित तरीके से अब ग्रामीणों को राशन का वितरण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को इसके लिए बधाई भी दी।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका होती है महत्वपूर्ण

## प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल में हुआ मातृ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा के संयुक्त तत्वावधान में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शाला के अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल तथा ग्राम सरपंच शाला समिति उपाध्यक्ष डोमार सिंह मारखंडे, पंचों द्वारा किया गया। सम्मेलन में उपस्थित माताओं के उत्साहवर्धन हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षिकाओं द्वारा शैक्षिक गतिविधियों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे माताओं को बच्चों की शिक्षा और विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं।आयोजित प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ (द्वितीय चरण) एवं रस्साकशी प्रमुख रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### परिवार ही पहली पाठशाला

इस अवसर पर डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला का विशेष योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि माँ ही सृष्टि की रचनाकार और पालनहार है, तथा बच्चों की प्रथम गुरु भी माँ ही होती है। परिवार ही उनकी पहली पाठशाला है, जहाँ से संस्कार और शिक्षा की नींव रखी जाती है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य खोमलाल साहू, विसेसर पाल, जैसवाल, प्रधानपाठक ताराचंद, शिक्षिका जुवरा, फलेंद्र निषाद, समस्त पंचगण, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में एड्स जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता



**पलारी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में अर्पित तिवारी उप संचालक मेरा भारत केंद्र रायपुर के तत्वावधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं विजय दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में छात्रों के बीच ड्रॉइंग पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एड्स जागरूकता में देवा वर्मा, तोमेश्वर पटेल, चंदन वर्मा, मुकेश, रोशन तथा सुखसागर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा बघेल, वंदना, निशा द्वितीय स्थान तथा यशस्वी मांडले और विद्या मांडले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजय दिवस पोस्टर प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम प्रथम स्थान, रेशमी बंजारे, खुशब कौशले, तूलेश्वरी पटेल एवं अनीता बंजारे द्वितीय स्थान तथा महेंद्र कुमार हस्ती, नानक साहू, लोकेश चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जीते हुए प्रतिभागियों को प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे तथा राम प्रकाश जोशी सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस अधिकारी द्वारा मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहायक प्राध्यापक, प्रवीण सिंह पैकरा सहायक प्राध्यापक, डॉ. नोहर सिंह, उमेश कुमार श्रीवास, पुष्पा वर्मा, शुभम भारद्वाज, लीमेश वर्मा, पूजा कंवर आदि उपस्थित रहे।

## गिरौदपुरी में टाटा पावर और सीएसपीडीसीएल की जन-जागरूकता नुक्कड़ सभा हुई

# स्मार्ट मीटर की अफवाहों पर लगाम लगाने जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

बिजली उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और स्मार्ट मीटर को लेकर फैली अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए टाटा पावर एवं सीएस पी डी सी एल द्वारा गिरौदपुरी क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों और उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे गिनाये जा रहे हैं। नुक्कड़ सभा में विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के हित में है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सटीक रीडिंग उपभोक्ताओं को केवल उतनी ही बिजली का भुगतान करना होगा जितनी उन्होंने खर्च की है। पारदर्शिता मीटर रीडिंग में मानवीय हस्तक्षेप खत्म होने से गलत बिलिंग की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

रियल-टाइम मॉनिटरिंग ग्राहक अपनी ऊर्जा खपत पर खुद नजर रख सकेंगे, इससे बिजली की बचत में मदद मिलेगी। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत हर चौराहे पर दस्तक वर्तमान में चल रहे स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान गिरौदपुरी और आसपास के गांवों के चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटकों और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्थानीय भाषा में लोगों को तकनीकी बारीकियां समझाईं और उन्हें स्मार्ट मीटर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और माना कि सीधी चर्चा से उनकी कई शंकाएं दूर हुई हैं। टाटा पावर और सी एस पी डी सी एल का यह संयुक्त प्रयास क्षेत्र में ऊर्जा साक्षरता बढ़ाने की दिशा में एक अनुकरणीय कदम साबित हो रहा है।




# राजिम माता त्याग तपस्या और भक्ति की प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुसमी में भक्ति श्रद्धा और उत्साह के साथ राजिम भक्तिन तेलिन माता जयंती का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही विधायक संदीप साहू ने सर्वप्रथम राजिम भक्तिन माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं समस्त क्षेत्रवासियों और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक संदीप ने कहा कि राजिम माता केवल एक समाज की आराध्य नहीं बल्कि त्याग तपस्या और भक्ति की प्रतीक हैं उनका जीवन हमें सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों से न केवल सामाजिक एकता मजबूत होती है बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास को जानने का अवसर मिलता है

■ विधायक संदीप साहू कुसमी में राजिम भक्तिन तेलिन माता जयंती में शामिल हुए

संदीप साहू ने इस सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के सभी सदस्यों साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रबुद्ध जनों को बधाई दी समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों ने विधायक का भव्य स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाज के लोग उपस्थित थे।




# सेजेस परसापाली में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**बिलाईगढ़।** सेजेस परसापाली में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तैयार की थीं। प्राचार्य सुजीत कुमार प्रधान ने कहा कि विद्यालय में अर्जित अनुशासन, संस्कार और शिक्षा ही जीवन की वास्तविक पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में भावपूर्ण भाषण प्रस्तुत किए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीत, नृत्य, कविता एवं नाटक ने समां बांध दिया। कई प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया, तो कुछ ने हंसी और तालियों की गूंज से वातावरण को जीवंत बना दिया। फेयरवेल के दौरान मिस्टर एवं मिस फेयरवेल जैसी रोचक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्मृति चिन्ह एवं शुभकामना संदेश देकर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। अंत में कक्षा 12वीं के प्रतिनिधि विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेजेस परसापाली में बिताए गए पल उनके जीवन के सबसे अनमोल क्षण रहेंगे। कार्यक्रम का समापन समूह छायाचित्र एवं भावुक विदाई के साथ हुआ। यह फेयरवेल समारोह न केवल एक विदाई थी, बल्कि नई शुरुआत की ओर बढ़ते कदमों का उत्सव भी था, जिसने सभी के हृदय में अविस्मरणीय यादें संजोये गए।

# विदाई समारोह में छात्रों ने दी लघु नाटिका की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का शीर्षक आगाजः एक नई शुरुआत रखा गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके पश्चात कक्षा 9वीं के छात्रों ने मनमोहक नृत्य, सुमधुर गीत तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को भावुक कर दिया तथा विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों की यादें ताजा हो उठीं।

समारोह का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर एंड मिस फेयरवेल' प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं बुद्धिमत्ता के आधार पर खिताब प्रदान किए गए। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर विद्यालय के साथ बिताए अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान कई छात्र-छात्राओं की आंखें अपने शिक्षकों और साथियों से बिछड़ने की भावुकता में नम हो उठीं। संचालक अभिषेक मिकी तिवारी ने कहा, मंजिल दूर जरूर है, पर चलते रहना हमारी फितरत में होना चाहिए। वहीं टुकेश्वर वर्मा ने छात्रों को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. एकता शुक्ला ने कहा, बोर्ड परीक्षा केवल एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि अनुशासन और संस्कारों में भी 'एक्स्ट्राआर्डिनरी' हैं। आप जहां भी जाएं, विद्यालय का नाम रोशन करें। उप-प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रवि श्रीवास, यशवंत वैष्णव, आकांक्षा पांडेय, प्रिया शुक्ला, सपना तिवारी, काजोल ध्रुव, सुशील मनहरे एवं हरीश साहू का सहयोग सराहनीय रहा।

## सामुदायिक भवन के लोकार्पण में शामिल हुए विधायक संदीप साहू



पलारी। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पलारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत गातापार में आदिवासी गोंड समाज के लिए एक हर्ष का अवसर रहा, यहां नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक संदीप साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ । समारोह में विधायक संदीप साहू ने कहा किसी भी समाज की प्रगति के लिए संगठित होना आवश्यक है और सामुदायिक भवन इसमें सेतु का कार्य करते हैं। यह भवन केवल एक ढांचा नहीं है, बल्कि ग्राम की सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र सिद्ध होगा, यहां होने वाले सामाजिक आयोजनों चर्चाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से एकता को बल मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी गोंड समाज के सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। साथ ही आदिवासी गोंड समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और समाज के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 18 फरवरी से 21 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय
अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 9926204007, 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### चांदनी ब्लॉक में तृतीय, लीसा विद्यालय स्तर पर प्रथम

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द के 38 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षा में चांदनी साहू (कक्षा दसवीं) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें महासमुंद में आयोजित ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर कक्षा नवमी की छात्रा लीसा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय डिगेश्वरी पटेल तथा तृतीय चांदनी साहू रही। सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।